नवभारत

# महिलाओं को शिक्षा, रोजगार देने को प्रधानता

## राज्य के कृषि व राजस्व मंत्री चंद्रकांत पाटिल का आश्वासन




संवाददाता

**पुणे.** किसानों को खुश, सुरक्षित व सक्षम करने के लिए हम काम कर रहे हैं. उनके हाथों को काम, किसानों को पानी दिया गया तो उनकी स्थिति में सुधार आ जाएगा. महिलाओं को शिक्षा व रोजगार देने के लिए केंद्र व राज्य सरकार प्रधानता दे रही है. आत्महत्या करनेवाले किसानों की पत्नी निर्धार से खड़ी हो रही हैं. उन्हें प्रोत्साहन देने के लिए फिनोलेक्स पाइप्स व मुकुल माधव फाउंडेशन का प्रयत्न सराहनीय है. उक्त विचार राज्य के कृषि व राजस्व मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने किया.

### ग्रामीण क्षेत्र के लोग स्वाभिमानी

चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि वे भी किसान के बेटे हैं. उनके पिता की ढाई एकड़ जमीन है. शिवसेना-भाजपा में गरीब कार्यकर्ता भी ऊपरी पद पर पहुंच जाते हैं. हम ग्रामीण भाग के लोग स्वाभिमानी होते हैं. हमें दान, अनुदान नहीं चलता. लेकिन प्राकृतिक आपत्ति के कारण यह परिस्थिति आई है. इस परिस्थिति का बदलने के लिए तथा किसानों को उनकी लाखो हेक्टेयर जमीन पानी के नीचे समा जा रही है. जलसंधारण का काम शुरू है. बरसात की हर बूंद को बचाने की सरकार की मंशा है. इस बार फसल अच्छी उगेगी. उन्हें उंचा भाव देने के लिए हम प्रयत्नशील हैं. किसानों को खेती के आधुनिकता अपनानी चाहिए. उसके लिए कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से अलग प्रयोग कराएं.

### 412 महिलाओं को बीज वितरित

1 एकल महिला किसान (आत्महत्या करनेवाले किसानों की पत्नी) के सक्षमीकरण के लिए पुणे के फिनोलेक्स पाइप्स व उनके सीएसआर भागीदार मुकुल माधव फाउंडेशन व फिक्की फ्लो पुणे चैप्टर की अगुवाई में पुणे के साईं मित्र परिवार, कलंब के पर्याय सामाजिक संस्था व कृषि विज्ञान केंद्र, तुलजापुर के सौजन्य से 412 महिला किसानों को निःशुल्क सोयाबीन व तुअर के बीज चंद्रकांत पाटिल के हाथों वितरित किए गए. कलंब व वाशी तहसील के समीप 40 गांवों के 412 महिला किसानों में से हरेक को 30 किलो सोयाबीन, एक किलो तुअर दाल के बीज दिए गए.

2 इस समय मुकुल माधव फाउंडेशन की व्यवस्थापकीय विश्वस्त रितू प्रकाश छाबरिया, विधायक सुजीत सिंह ठाकुर, फिनोलेक्स पाइप्स के उपाध्यक्ष बी. आर. मेहता, फिक्की फ्लो पुणे चैप्टर की सदस्या अनिता सणस, रेखा मगर, अपर जिलाधिकारी पराग सोमण, पर्याय संस्था के विश्वनाथ तोडकर, मुकुल माधव फाउंडेशन के बबलू मोकले, सचिन कुलकर्णी, मंगेश तलेकर, अमोल ठाकरे आदी उपस्थित थे.

- रितू छाबरिया ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से मराठवाडा के कुछ जिले में जलसंधारण का काम शुरू है. और कुद जिलों में यह काम किया जाएगा. देश के लिए जवान व किसान ये दो घटक अत्यंत महत्वपूर्ण हैं.
- जवान सीमा पर देश की रक्षा करता है. तो किसान खेती. वर्षभर हमें अन्नधान्य आपूर्ति करनेवाले किसानों को बुआई के सामग्री सुलभ रूप से उपलब्ध हो, इसके लिए हमारा काम शुरू रहेगा.
- इन एकल महिलाओं के पीछे खड़े रहकर हम उन्हें स्वाभिमानी बनाएंगे.अनिता सणस ने फिक्की फ्लो के उपक्रम की जानकारी दी. महिलाओं को साडी व उपहार बांटे गए.